हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 4 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


13 जैविक खेती का कमाल : कम लागत में कर रहे सालाना...





14 इंडोर स्टेडियम में मवेशियों का राज







प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA
DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S
B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


संयुक्त खाता, वन पट्टाधारी, डूब प्रभावित सहित कई किसानों का पंजीयन नहीं

# दुरुस्त नहीं एग्रीस्टेक, 12 हजार किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एग्रीस्टेक पंजीयन किसानों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है। अब तक करीब 12 हजार किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है। ये किसान पंजीयन के लिए कई बार समितियों के चक्कर लगा चुके हैं। पंजीयन के लिए फार्म भी भर चुके हैं, लेकिन साफ्टवेयर उनके फार्म को एक्सेप्ट नहीं कर रहा है। ऐसे में किसान डरे हुए हैं। यदि उनका एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं होता है तो वे धान बेचने से चूक जाएंगे।

खेती किसानी संबंधित सभी योजनाओं को एक डिजिटल प्लेटफार्म में लाते हुए शासन ने एग्रीस्टेक साफ्टवेयर लांच किया है। इस साफ्टवेयर के माध्यम से खेती किसानी संबंधित सभी योजनाएं संचालित होंगी। चाहे वह सब्सिडी हो या धान खरीदी। इससे किसानों को भी एक डिजिटल प्लेटफार्म मिलेगा, सरकारी दफ्तरों के चक्कर से मुक्ति मिलेगी और ऑनलाइन ही कई काम हो जाएंगे।

विडंबना यह है कि एग्रीस्टेक साफ्टवेयर में अभी भी कई कमियां हैं, जिसके चलते बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। किसान लगातार सहकारी समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। कई किसानों ने पंजीयन के लिए फार्म भी भरा है, लेकिन उनका फार्म स्वीकृत नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में 1 लाख 23 हजार 739 किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन किया जाना है। अब तक 1 लाख 11 हजार 975 किसानों का ही पंजीयन हो पाया है। 11 हजार 764 किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हुआ है।



### काम का है एग्रीस्टेक

एग्रीस्टेक का उद्देश्य किसानों का डेटाबेस तैयार करना है, जिसमें किसान की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, ऋण, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास सहित सभी जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसी के तहत किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस साल धान खरीदी भी एग्रीस्टेक पंजीयन के आधार पर की जाएगी। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में किसान धान बेचने से चूक जाएंगे। इसके अतिरिक्त केसीसी ऋण, सब्सिडी आदि से भी किसानों को वंचित होना पड़ सकता है।

### भटक रहे किसान

कई किसान संयुक्त परिवार में रहते हैं, जहां पर जमीन की ऋण पुस्तिका में सभी सदस्यों के नाम हैं। साफ्टवेयर में ऐसे किसानों का पंजीयन स्वीकृत नहीं हो रहा है। इसके अतिरिक्त वन पट्टाधारक और डूब प्रभावित किसानों का भी पंजीयन नहीं पा रहा है। कई किसान ऐसे हैं, जिनका आधार मोबाइल से लिंक नहीं है। मोबाइल में ओटीपी नहीं आने के कारण इन किसानों का पंजीयन भी अधर में है। वहीं कई किसानों का रकबा, खसरा पोर्टल में अपडेट नहीं है। ये किसान भी पंजीयन से वंचित हैं।

## बस स्टैंड में अतिक्रमण के खिलाफ यातायात महासंघ ने खोला मोर्चा

बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छग यातायात महासंघ ने नया बस स्टैंड में निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को बढ़ावा देने की शिकायत कलेक्टर से की है। संघ के अध्यक्ष महावीरप्रसाद गुप्ता, सचिव गोविंद साहू, उपाध्यक्ष गोवर्धन सोनी आदि ने कलेक्टर को सौंपे शिकायत पत्र में कहा है कि निगम आयुक्त को बस स्टैंड में अतिक्रमण हटाने कई बार आवेदन दिया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अतिक्रमण हटाने के बाद अतिक्रमण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि भोजनालय की कवेलू मरम्मत के लिए निगम कर्मचारियों की देखरेख में मरम्मत की अनुमति दी गई थी, लेकिन यहां अतिक्रमण करा दिया गया है। बस स्टैंड के सभी व्यापारी, यात्रियों के चलने के लिए बनाए गए फुटपाट पर



दो से तीन गुणा अधिक जमीन पर अतिक्रमण कर व्यवसाय चलाया जा रहा है।

### सात दिन का दिया अल्टीमेटम

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में यातायात महासंघ ने कहा है कि सात दिन के अंदर अतिक्रमण हटाया जाए, अन्यथा छत्तीसगढ़ महासंघ के बैनरतले समस्त बसों का संचालन बंद कर दिया जायेगा साथ ही सभी बस को निगम कार्यालय के सामने खड़ी कर चाबी जिला प्रशासन को सौंप दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### निगम क्षेत्र में आज पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी

**धमतरी।** नगर पालिक निगम के वाटर फिल्टर प्लांट में चलित मोटर पंप में तकनीकी खराबी उत्पन्न हो गई है। इस कारण आज 4 सितम्बर को नगर निगम क्षेत्र के प्रभावित वार्डों में पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। नगर निगम द्वारा मोटर पंप का मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है, ताकि शीघ्र ही नियमित आपूर्ति बहाल की जा सके। जनहित को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा प्रभावित वार्डों में पेयजल टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 5 को

**मगरलोड।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा मगरलोड का मासिक बैठक 5 सितम्बर शुक्रवार को 11 बजे स्थानीय कार्यालय मगरलोड में आयोजित की गई है। इस दौरान शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन होगा। सितम्बर माह में जन्मदिवस वाले पेंशनरों का जन्मदिवस मनाया जाएगा। सभी पेंशनरों का सम्मान भी होगा। पेंशनर संघ मगरलोड के अध्यक्ष एनआर साहू व कार्यालय प्रभारी कोमलसिंह साहू ने सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### अप्रेंटिसशिप मेला 8 को

**धमतरी।** स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद में 8 सितम्बर को सुबह 9 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। आईटीआई कुरूद के प्राचार्य ने बताया कि मेले में जिले के सभी उद्योग और प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप या प्लेसमेंट रखने के लिए शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही आईटीआई पास युवा भी भाग ले सकते हैं।

### काउंसिलिंग सह पंजीयन 8 को

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र युवाओं को बहुकौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रदेश के सभी लाईवलीहुड कॉलेजों के माध्यम से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर सह अध्यक्ष अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित कि है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से पंचायतों में नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र ऐसे युवाओं, जिनका अब तक प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन्हें 8 सितम्बर को सुबह 10 बजे लाईवलीहुड कॉलेज में काउंसिलिंग सह पंजीयन के लिए उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

## जिले में शुरू हुई ग्रीन पटाखों की पहल दिवाली होगी स्वच्छ और सुरक्षित

- चटौद में महिलाएं ग्रीन पटाखों के निर्माण में जुटीं, 100 से अधिक को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के ग्राम चटौद में स्थानीय महिलाएं अब पर्यावरण अनुकूल ग्रीन पटाखों के निर्माण में संलग्न हैं। यह पहल प्रदूषण मुक्त त्योहार और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का नया अवसर साबित हो रही है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा श्री गणेशा फायरवर्क्स यूनिट पहुंचे और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कामकाजी महिलाओं से संवाद कर निर्माण प्रक्रिया एवं गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। ज्ञात हो कि गणेशा फायरवर्क्स को 5 एकड़ जमीन लीज पर मुहैया करायी गयी है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मैनेजमेंट और अधिकारियों को निर्देश दिए कि फैक्ट्री परिसर में अग्नि शमन की मजबूत व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहे। समय-समय पर मॉक ड्रिल कराई जाए और माचिस जैसे ज्वलनशील पदार्थ परिसर में लाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। सुरक्षा संबंधी सूचनाओं के बोर्ड प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएं। इस दौरान एसडीएम कुरूद नभसिंह भी मौजूद थे। यूनिट के सेल्स हेड आशीष सिंह ने बताया कि ग्रीन पटाखों में बारूद का प्रयोग नहीं होता। पांच एकड़ भूमि पर स्थापित इस यूनिट में लगभग 100 महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। आने वाले समय में विवाह समारोहों और अन्य आयोजनों के लिए भी ग्रीन पटाखों की विभिन्न किस्में उपलब्ध कराई जाएंगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि चटौद में स्थापित ग्रीन पटाखा यूनिट आत्मनिर्भरता और स्वच्छता की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। यह पहल लोकल से वोकल की भावना को साकार करती है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज को सुरक्षित विकल्प मिल रहा है। यह यूनिट धमतरी जिले में रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनेगी।



## पालीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य सहित दो व्याख्याताओं पर गिरी गाज

- शिकायत के आधार पर संचालनालय रायपुर अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पालीटेक्निक कॉलेज में चल रहे विवाद का पटाक्षेप करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग ने बड़ा निर्णय लेते हुए तीन लोगों को तकनीकी शिक्षा संचालनालय में संलग्न कर दिया है। यह संलग्नीकरण आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा।

भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कॉलेज स्टाफ ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया था। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच भी की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर तकनीकी शिक्षा विभाग ने प्राचार्य गेलूस राम साहू, व्याख्याता इलेक्ट्रिकल हर्षल मोहिते और व्याख्याता अंग्रेजी संदीप सिंह को आगामी आदेश तक तकनीकी शिक्षा संचालनालय इंद्रावती भवन, नवा रायपुर में संलग्न कर दिया है।

## स्तुति का जमशेदपुर में खेल मनोवैज्ञानिक के रूप में चयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर की बेटी स्तुति जैन महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा से खेल मनोविज्ञान में गोल्ड मेडलिस्ट रही। इससे संबंधित थीसिस भी तैयार की और बड़ौदा में ही भारतीय खेल प्राधिकरण में युवा खिलाड़ियों के बीच काम कर अपनी इंटर्नशिप पूर्ण की। देश के टॉप लेवल के खेल मनोवैज्ञानिकों की संस्था नज स्पोर्ट्स मुंबई से जुड़कर इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। विगत 1 सितंबर को स्तुति जैन का चयन हॉकी की विश्व स्तरीय अकादमी नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) जमशेदपुर में खेल वैज्ञानिक के रूप में हुआ है। स्तुति एनटीएचए में पुरुष वर्ग के जूनियर और सब जूनियर हॉकी के प्रशिक्षणार्थियों के खेल प्रदर्शन और उनके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में योगदान देंगी।

गौरतलब है कि स्तुति जैन वरिष्ठ भाजपा नेता गजराज जैन की पौत्री तथा भाजपा नेता कविंद्र जैन की बेटी है। जमशेदपुर में अपनी पदस्थापना के पूर्व स्तुति ने राजनांदगांव में भारतीय खेल प्राधिकरण से जुड़कर वहां के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की है। यह नगर के लिए गौरव की बात है कि स्तुति जैन वर्तमान में छत्तीसगढ़ की इकलौती खेल मनोवैज्ञानिक हैं।

## लोहे की राड से किया युवक को घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर में मारपीट की घटना हुई। आरोपी धारदार हथियार लेकर पहुंचा था। उसने एक युवक की बेदम पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार मामला नशे के कारोबार से जुड़ा हुआ है। इसी कारोबार के चलते दोनों के बीच विवाद चल रहा था। घटना रामबाग के पास की है। बजरंगी नाम का युवक धारदार हथियार और लोहे की राड लेकर पहुंचा। यहां पर उसने श्रवण सपहा पर हमला बोल दिया। उसने लोहे की राड से श्रवण के सिर पर वार किया। इससे श्रवण वहीं पर गिर गया। इसके बाद भी उसने श्रवण से मारपीट की। बताया गया है कि आरोपी के पास धारदार हथियार भी था। बजरंगी निगरानीशुदा बदमाश है, जो पहले भी मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उल्लेखनीय है कि आरोपी विंध्यवासिनी वार्ड गड्ढापारा का निवासी है।

## महाविद्यालय में स्वच्छ पानी के लिए परिषद करेगी आंदोलन







- वाटरकूलर एवं पानी टंकी की नियमित सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय के प्राचार्य को स्वच्छ जल व्यवस्था तथा वाटर कूलर की नियमित सफाई के लिए पत्र सौंपा है।

परिषद के नगर मंत्री हितेश धृतलहरे ने आवेदन में कहा है कि महाविद्यालय परिसर में लगाए गए वाटरकूलर तथा पानी टंकी की नियमित सफाई एवं उचित रखरखाव नहीं होने से विद्यार्थियों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न होने की संभावना है। उन्होंने मांग की है कि महाविद्यालय परिसर के सभी वाटरकूलर एवं पानी टंकी की नियमित सफाई किया जाए। पेयजल की समय-समय पर जांच, खराब एवं बंद पड़े वाटर कूलरों की तत्काल मरम्मत या नये वाट रकूलरों की व्यवस्था की जाए। उनकी मांगों पर आवश्यक कदम नहीं उठाने पर परिषद विद्यार्थियों के हित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी। आवेदन सौंपने के दौरान जिला संयोजक गजेंद्र जांगड़े, वैशाली प्रजापति, आर्यन राव, तारेंद्र, दुर्गेश, प्रमोद, भारती आदि मौजूद थे।

## बोरिदखुर्द का पुल हुआ डैमेज

- जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करने को मजबूर हैं स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत बोरिदखुर्द के जर्जर पुल की मरम्मत के लिए पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा है।

बुधवार को ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचे जनपद सदस्य पार्वती साहू, सरपंच जागेश्वर नेताम, उपसरपंच तिलकराम पटेल, मोहित राम साहू, रामेश्वरी सेन, बसंती ध्रुव, देवबती, जमुना बाई, मीरा बाई आदि ने बताया कि आबादीपारा क्षेत्र में 100 से अधिक परिवार रहते हैं। इस पुल के जरिये आबादीपारा और बोरिदखुर्द आपस में जुड़े हुए हैं। 40 साल पुराने इस पुल की एक तरफ प्राथमिक शाला लगती है। दूसरी ओर मिडिल स्कूल की कक्षाएं लगती हैं। बारिश से यह पुल टूट गया है। बारिश से पुल के उपर पानी बहता है। कमजोर स्थिति को देखते हुए पुल की मरम्मत या पुनर्निर्माण की मांग पहले भी की जा चुकी है। ध्यान नहीं देने से अब यह ढहने लगा है। इससे स्कूली बच्चों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही पुल की मरम्मत या निर्माण की मांग की है।



दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने की अनूठी पहल

## दिव्यांगजनों के लिए सक्षम कैंटीन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सक्षम कैंटीन की शुरुआत की गई है। यह पहल कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की प्रेरणा से संभव हो पाई है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रारंभ हुई इस कैंटीन का संचालन दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति के सदस्य करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व जिपं सदस्य श्रीमती श्यामा देवी साहू ने पूरे विधि-विधान के साथ दुकान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे। रजत जयंती पर्व पर सभी दिव्यांगजनों ने नशामुक्ति की शपथ भी ली और संकल्प लिया कि वे नशे से दूर रहकर समाज को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूक करेंगे। संस्था के संस्थापक बसंत विश्नोई ने जानकारी दी कि समिति के दिव्यांग सदस्य रोजगार की दिशा में आगे बढ़ना चाहते थे। उन्होंने हाल ही में कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी इच्छा जाहिर की थी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनकी भावनाओं को समझते हुए तुरंत पहल की और कलेक्ट्रेट परिसर में स्थान उपलब्ध कराया। इसके बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण कर कैंटीन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और सम्मानजनक जीवन प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। सक्षम कैंटीन केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों की भागीदारी और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास है।

मौके पर समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती मनीषा पाण्डेय, रोहित कुमार साहू, डॉ. पोषण सिन्हा, सुलेखा अली, डेरहा राम, शिवचरण, सुमन साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सक्षम कैंटीन की शुरुआत से दिव्यांगजनों को रोजगार और आत्मसम्मान दोनों का अवसर मिलेगा। यह पहल जिले में दिव्यांग सशक्तिकरण की दिशा में एक नई मिसाल बनेगी।



### कॉम्पटेक कालेज में रिक्त सीटों पर प्रवेश 5 तक

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर में बीएससी, बीकॉम, बीसीए एवं पीजीडीसीए पाठ्यक्रम में कुछ सीटें रिक्त है जिन पर इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रवेश प्राप्त ले सकते हैं। मार्कशीट, आधार, फोटो, टीसी, जाति निवास, बैंक पास बुक की प्रति के साथ कॉलेज में 5 सितम्बर तक प्रातः 10:30 से 2 बजे के मध्य उपस्थित हो सकते हैं। सभी पात्र विद्यार्थियों को शासन की छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी प्राप्त होगा। 12वीं पास विद्यार्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।


पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस हमेशा अपराधियों के साथ रहती है खड़ी : देव



जगदलपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि हमेशा कांग्रेस का हाथ अपराधियों, तस्करी और माफियाओं के साथ रहा है। अपने रिश्तों को कांग्रेस को उजागर करना चाहिए। आने वाले समय में इस मामले को लेकर और भी खुलासे होंगे जिस पर कांग्रेस अभी चुप्प साधी हुई है। कांग्रेस का वास्ता कभी भी देश से नहीं रहा है ऐसे लोगों से रहा जो देश विरोधी है। समय-समय पर कांग्रेस को लेकर देश की जनता करारा जवाब देती है इसलिए कांग्रेस का जनाधारा लगातार देश में कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता क्या कहलाता है इस पर कांग्रेस को जवाब देना चाहिए। देव ने कहा कि जब पिछले पांच वर्ष प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब नशे की तस्करी से लेकर शराब के अवैध कारोबार तक जो कुछ हुआ है,वह किसी से छिपा नहीं है। कांग्रेस हमेशा अपने हिडन एजेंडे पर चलती है जिसे देश की जनता समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नशे के खिलाफ कारगर कार्यवाही की जा रही है। यही कारण है कि इस समय ऐसे बहुत से मामलों के खुलासे हो रहे है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### अनंत चतुर्दशी पर मेनरोड से गुजर सकें झांकियां



जगदलपुर। अनंत चतुर्दशी पर मेन रोड से शहर में स्थापित भगवान गणपति की प्रतिमाओं को विसर्जन करने व्यवस्था करने की मांग को लेकर सनातन क्षेत्रीय मंच सक्षम ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सक्षम पदाधिकारियों ने कहा है कि इस साल भी पिछले साल की तरह 6 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी और 7 सितंबर को अनंत चतुर्दशी का पर्व पड़ रहा है। अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन धूमधाम से किया जाता है, जिसके तहत शहर के विभिन्न स्थानों से भव्य झांकिया विभिन्न मार्गों से होकर गुजरती हैं, ताकि शहर के लोग भगवान श्रीगणेश के दर्शन कर सकें। बीते साल ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां के तहत मेन रोड पर सजावट की गई थी। इसें लगाए गए गेट्स की ऊंचाई काफी कम रखी गई थी, जिसकी अनुमति प्रशासन ने दी थी। इसके कारण अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन का कार्यक्रम प्रभावित हुआ और स्थिति विवाद तक पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से झांकियां मेन रोड से निकलती रही हैं, लेकिन प्रशासन की लापरवाही से विवाद के हालात पैदा हो गए। प्रशासन के खेद प्रकट करने और आश्वासन के बाद झांकियों को पहली बार मेन रोड से न निकालकर दूसरे रास्ते से विसर्जन कुंड तक लेकर जाने सक्षम सहित हिंदू समाज सहमत हुए थे। इस साल दोबारा वही हालात बनते दिख रहे हैं।

### छात्र से दुर्व्यवहार की शिकायत परस्कूल पहुंचे हिंदू संगठन के सदस्य

जगदलपुर। शहर के निर्मल विद्यालय में एक 12वीं कक्षा के छात्र से दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आने पर सर्व हिंदू संगठनों ने स्कूल पहुंचकर रोष व्यक्त किया। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार घटना मंगलवार की बताई जा रही है जिसमें शाला प्रबंधन द्वारा छात्र के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत का मामला सामने आया है। 12वीं में अध्ययनरत एक छात्र ने कक्षा में एकाएक असहनीय पेट दर्द उठने की शिकायत कक्षा अध्यापिका से की। जिसकी जानकारी उसने विद्यालय प्रबंधन को दी। पीड़ित छात्र के समस्या को अनसुना कर विद्यालय प्रशासन ने चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के बजाय उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए कहा कि यदि मर भी जाओगे तो तुम्हे यही स्कूल में दफना दिया जाएगा। उसे विद्यालय से छुट्टी भी नहीं दी गई। छात्र की बहन ने विद्यालय में आकर उसका हाल चल जानना चाहा, जिसकी अनुमति विद्यालय प्रशासन ने नहीं दी।

**खबर का असर : गलत इलाज से 12 वर्षीय मासूम की हुई थी मौत, आरोपी 20 दिन तक रहा फरार**

# आरोपी झोलाछाप डॉक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अपने गलत इलाज से एक 12 वर्षीय मासूम को मौत की नींद सुलाकर 20 दिनों तक फरार रहे कथित झोलाछाप डॉक्टर को आखिरकार कुरुद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार डॉक्टर के खिलाफ आईपीसी, बीएनएस एवं नर्सिंग एक्ट के तहत विभिन्न मामलों में प्रकरण बना न्यायालय में पेश किया गया।

ज्ञात हो कि कुरुद थाना अंतर्गत ग्राम डांडेसरा निवासी रेवाराम साहू अपने 12 वर्षीय बेटे नीरज साहू का इलाज कराने कुरूद के अशोक मेडिकल स्टोर्स लेकर आया था। जहां मेडिकल संचालक अशोक शर्मा द्वारा इंजेक्शन लगाने के बाद थोड़ी देर में मासूम की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद आरोपी अपने घर और दुकान में ताला लगाकर फरार हो गया था। घटना के बाद से ही विभिन्न प्रलोभनों एवं राजनीतिक दबाव बना इस मामले को दबाने का भरसक प्रयास किया गया। इस पूरे मामले पर हरिभूमि ने नजर बनाये रखा और जांच में हो रही देरी को लेकर समाचार प्रकाशित किया। खबर का असर हुआ और देर ही सही पर आरोपी झोलाछाप डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पहुंचा दिया।



### जांच में गलत इलाज से मौत होने की बताई संभावना

वहीं इस पूरे मामले में पीड़ित पक्ष की खामोशी और कथित राजनीतिक दबाव के चलते स्वास्थ्य विभाग जांच के नाम पर अनावश्यक देर करने लगा। लेकिन मीडिया में मामला उजागर होने के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए फर्जी इलाज करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया तब स्वास्थ्य विभाग ने दो डाक्टरों की टीम बनाकर इस मामले की जांच कराई। जिसमें आरोपी को इलाज करने की पात्रता नहीं पाई गई, गलत दवा देने से नीरज साहू की मौत होने की संभावना जांच टीम ने बताई है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने 20 दिन बाद 31 अगस्त को पुलिस को अपनी रिपोर्ट सौंपी।

### सरेंडर करने से पहले पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार

आरोपी ने 20 दिन तक बचने की भरपूर कोशिश की लेकिन कोई भी पैतरा काम नहीं आया तब अपने शुभचिंतकों की राय पर अज्ञातवास रायपुर से कुरुद पहुंचे। कुरुद पुलिस को मंगलवार देर रात आरोपी की वापसी की भनक लगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई की जिसे बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद से फरार आरोपी अशोक शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध आईपीसी की धारा 269,304 ए, बीएनएस की धारा 106-1 एवं 271, मप्र आर्युविज्ञान अधिनियम 1987 की धारा 24, राज्य उपचार गृह तथा रोगोपचार अधिनियम 2010 की धाराओं के तहत केस तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### क्या है पूरा मामला कैसे हुई थी मासूम नीरज की मौत

ग्राम डांडेसरा निवासी रेवाराम साहू अपने 12 वर्षीय बेटे नीरज साहू का इलाज कराने 10 अगस्त को कुरूद के अशोक मेडिकल स्टोर्स लेकर आया था। जहां इंजेक्शन लगाने के बाद थोड़ी देर में मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद थाना पहुंचे मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मेडिकल संचालक अशोक शर्मा जो कथित झोलाछाप डॉक्टर है, ने बिना जांच किए नीरज को एक इंजेक्शन लगा दिया, इसके बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी, थोड़ी देर में ही मासूम के मुंह से झाग निकलने लगा और वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा, तुरंत उसे कुरूद सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर आकर्षक रोशनी और तोरण से सजा नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर नगरी को आकर्षक रोशनी और तोरण से सजाया गया। घरों, मस्जिदों, गलियों और मोहल्लों में रौनक दिखाई दी और लोगों ने मिलकर इस दिन को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर लोगों ने नए एवं पारंपरिक धार्मिक वस्त्र धारण किए। नगर की मस्जिदों से जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मस्जिद परिसर में पहुंचा। यहां पर सबसे पहले परचम कुशाई (झंडा फहराना) की रस्म पूरी की गई, उसके बाद सलाम और फातिहा अदा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने नात, कलमा, दरूद एवं अन्य धार्मिक प्रस्तुतियां दीं। उनकी हौसला-अफ़ज़ाई हेतु पुरस्कार भी प्रदान किए गए। जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर नगर का माहौल पूरी तरह से धार्मिक आस्था और भाईचारे से सराबोर रहा।

# नपं अध्यक्ष छाबड़ा ने की नेत्रदान की घोषणा

- नेत्रदान से किसी की अंधेरी जिंदगी में रोशनी लाई जा सकती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने राष्ट्रीय अंधत्व निवारण शिविर पर घोषणा की कि वे मृत्य उपरान्त अपनी आंखें दान करेंगे। उन्होंने कहा कि नेत्रदान से किसी की अंधेरी जिंदगी में रोशनी लाई जा सकती है।

स्कूली बच्चों में दृष्टि दोष शैक्षणिक उपलब्धि एवं जीवन की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव करती है। इससे बच्चों का उचित विकास नही हो पाता। इसी कड़ी में राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम तथा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए 2 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत मुख्य रूप से बच्चों का नेत्र परीक्षण कर मौके पर आवश्यकतानुसार उपचार, सलाह रेफरल तथा 10 से 17 अक्टूबर के मध्य आवश्यकता वाले बच्चों को निःशुल्क चश्मा का वितरण किया जायेगा।



विकासखंड नगरी में इस अभियान के लिए 2 सितम्बर को सिविल अस्पताल नगरी में अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नपं नगरी व विशिष्ट अतिथि शंकरदेव सभापति स्वास्थ्य नपं नगरी, श्री निषाद सभापति लोक निर्माण विभाग थे। कार्यक्रम के दरम्यान तीन अतिथियों ने जनता को अपने बच्चों को नेत्र परीक्षण कराने के साथ नेत्रदान करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने भी स्वयं मौके पर अपने नेत्रदान करने की घोषणा करते हुए नेत्रदान प्रपत्र को भरकर अपनी सहमति पत्र स्वास्थ्य विभाग को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ एके नेताम बीएमओ नगरी ने अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में श्रीमती महेश्वरी ध्रुव एबीईओ ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी सदस्यों ने नेत्रदान के लिए नेत्र सहायक अधिकारियों का तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ भेंट किया। हरी झंडी दिखाकर फील्ड के लिए रवाना किया।

मौके पर नेत्र सहायक अधिकारी योगेन्द्र बोरझा, राकेश साहू, हरिशंकर साहू, श्रीमती सुमति साहू उपस्थित थे।

# छाती स्कूल के स्टाफ व छात्रों ने शिक्षा मंत्री से शिक्षकों की मांग की





हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

स्व. भूपालमणि शाउमावि छाती के स्टाफ व विद्यार्थियों ने स्कूल के सामने रायपुर जाते समय शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आतिशबाजी कर जोशीला स्वागत किया। प्राचार्य एनके कुंभकार ने बताया कि शिक्षा मंत्री से मैदान समतलीकारण, हायर सेकेंडरी भवन, गणित व भूगोल विषय के लिए शिक्षकों की मांग की गई। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव, उपसरपंच रमेश यादव, टीआर साहू, राजेंद्र चंद्राकर, शिव चंद्राकर, शुभम चंद्राकर, खिलेश्वर चंद्राकर, शुभम यदु, बुटेश्वर चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, टिकेश्री चंद्राकर व शिक्षकगण सेवकराम खरे, अनिल नागवंशी, अंबालिका साहू, विनीता सिन्हा, फलदेवी साहू, ममता ठाकुर, कल्पना हुखरे, अनीता, राधिका साहू, रश्मि, गार्गी साहू, सुमन साहू, अनीश साहू, विनय साहू, दयालाल साहू, त्रिलोचन कंवर उपस्थित थे।

# नगरी विखं की अनेक शालाओं में हुई प्राचार्यों की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी ब्लॉक सहित अनुसूचित क्षेत्र के अनेक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में नए प्राचार्यों की पदस्थापना की गई है। लंबे अंतराल के बाद प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने से शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल है। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, ब्लॉक शाखा नगरी ने विश्वास जताया कि सभी अपने नवनियुक्त दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करेंगे तथा इस वनांचल क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे। पदोन्नत प्राचार्यगण कंचन सूर्यवंशी (उ.मा.वि. गट्टासिल्ली), लोकेश कुमार मरकाम (हाईस्कूल गढ़डोंगरी), महेश्वर सिंह जयसिंधु (उ.मा.वि. डोंगरडुला), मनीष कुमार अग्रवाल (उ.मा.वि. सियारीनाला), वीरेंद्र कुमार श्रीवास (उ.मा.वि. सलोनी), राजेश तिवारी (हाईस्कूल भैंसमुड़ा), कुमार सिंह ध्रुव (उ.मा.वि. आमगांव), रमेश कुमार टंडन (उ.मा.वि. राजपुर), मोहन सिंह कुरूं (उ.मा.वि. बिरगुड़ी), राजेश कुमार कश्यप (हाईस्कूल घटुला), राजकुमार ध्रुव (उ.मा.वि. घोटगांव), कीर्तिलता साहू (उ.मा.वि. देवपुर), दानी गोपाल डड्सेना (हाईस्कूल खैरभरी), कविता यादव (हाईस्कूल बगरूमनाला), शांति पटेल (कन्या शिक्षा परिसर दुगली) अर्चना साहू (हाईस्कूल करैया), सुरेंद्र कौर ओबेराय (हाईस्कूल चिवर्री सांकरा), रामदुलार प्रजापति (हाईस्कूल खरथा, कांकेर), सतीश प्रकाश सिंह (हायर सेकेंडरी स्कूल सिमगा, कोरबा), कमलनारायण नाग (हायर सेकेंडरी स्कूल कसपुर), अमृतलाल साव (हायर सेकेंडरी स्कूल मैनपुर), नेकराम साहू हाईस्कूल उरैंया, कांकेर), विनोद चौहान (हाईस्कूल खल्लारी), जहांजीत सिंह नेताम (हाईस्कूल बिदनपुर, कांकेर), धनंजय कुमार कश्यप (हायर सेकेंडरी स्कूल घुटकेल), नारद ध्रुव (हाईस्कूल पीव्ही-32, कांकेर), अनीता सोम (हाईस्कूल उमरगांव), कविता खापर्डे (हाईस्कूल हेमलकोहड़ी), यशवंत सोनवानी (हायर सेकेंडरी स्कूल भन्सुली, कांकेर), ललित कुमार सोम (उ.मा.वि. दुगली) शामिल हैं। फेडरेशन ने सभी नवनियुक्त प्राचार्यों से अपेक्षा की है कि वे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाकर विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में सार्थक योगदान देंगे।



## सिर्री में फूलवारी दावना की प्रस्तुति आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

बाल गणेश उत्सव समिति सिर्री भाठापारा द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति के सदस्य गजानन की सेवा में लगे हुए हैं। मनोरंजन हेतु 4 सितंबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक फूलवारी दावना तमोरा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

## कन्हारपुरी में गणेश की प्रतिमा स्थापित



बगदेही(धमतरी)। ग्राम कन्हारपुरी के आनंद चौक में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। फणीश ध्रुव, विवेकानंद दीवान ने बताया कि ग्रामीणों में गणेशोत्सव को लेकर काफी उत्साह है। भक्त सुबह शाम पूजा-अर्चना के लिये पहुंच रहे हैं।

# क्विज प्रतियोगिता में कुल्हाड़ी स्कूल की दो छात्रा का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

संकुल स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत संकुल केंद्र करगा में क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संकुल केंद्र करगा की 5 प्राथमिक एवं 3 माध्यमिक शाला के प्रतिभागी बच्चों ने भाग लिया। शासकीय माध्यमिक शाला कुल्हाड़ी की वेदकुमारी साहू एवं शासकीय प्राथमिक शाला की पूर्वी वर्मा प्रथम स्थान प्राप्त कर विकास खंडस्तरीय प्रतियोगिता लिए चयनित हुई।



इस अवसर पर टकेश्वरी साहू, हुलसी साहू, लक्ष्मी कोसले, किरण चंद्राकर, मोलिनारानी साहू, सोमप्रकाश निषाद, हरीश सोनबेर, शिवकांत साहू, राजेंद्र कोसरे, चित्रांगद साहू, संकुल समन्वयक टीएल गहिवारे ने हर्ष जताया है।

**बैठेंगे अतिरिक्त न्यायाधीश, हजारों फरियादियों को समय पर मिलेगा न्याय**

# अब कुरुद में लगेगा स्थायी अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद क्षेत्र को न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक सौगात मिली है। लंबे समय से यहां पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश का पद केवल कैंप कोर्ट के रूप में महीने में 5 दिन ही लगता था। इस कारण से पक्षकारों (फरियादियों), अधिवक्ताओं और न्यायालयीन कर्मचारियों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ती थी। कई मामलों में सुनवाई टल जाती थी और फरियादियों को महीनों चक्कर लगाने पड़ते थे।

नवपदस्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधेश्याम ध्रुव अब कुरुद में स्थायी रूप से न्यायदान करेंगे। इससे फरियादियों को बड़ी राहत मिलेगी, अब उन्हें न्याय पाने के लिए महीनों इंतजार नहीं करना पड़ेगा और न ही धमतरी के चक्कर लगाने होंगे। स्थायी न्यायालय की स्थापना से क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ कुरुद द्वारा नवपदस्थ अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश राधेश्याम ध्रुव, वरिष्ठ श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश रजत कुमार निराला एवं कनिष्ठ श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश नीलेश बघेल का संघ कार्यालय कुरुद में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों के साथ अधिवक्ता संघ के संरक्षक एलपी गोस्वामी, अध्यक्ष रमेश पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष, पदाधिकारीगण, सदस्य अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### विधायक अजय चंद्राकर की सिफारिश से मिली सौगात



उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता संघ कुरुद इस विषय पर लगातार मांग करता रहा, लेकिन निर्णायक पहल तब हुई जब पूर्व मंत्री एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय धमतरी के समक्ष सशक्त सिफारिश की। उनकी कोशिशों और अधिवक्ता संघ के निरंतर प्रयास से अब कैंप कोर्ट को स्थायी न्यायालय का दर्जा मिल गया है। अधिवक्ता संघ ने विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनकी सिफारिश और प्रयास से न केवल न्यायालय स्थायी हुआ है, बल्कि क्षेत्र के हजारों फरियादियों को समय पर न्याय मिलने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

# सांकरा स्कूल में बालिका सुरक्षा पर हुई कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में मिशन वात्सल्य अंतर्गत बालिका सुरक्षा बाल अपराध बाल विवाह संबंधी जागरूकता हेतु कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी की चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक नीलम साहू, अनुराग खलको सुपरवाइजर, एम गिरधारीलाल सुपरवाइजर ने बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। पाक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, गुड टच, बैड टच, बाल तस्करी जैसे मुद्दों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अनिभा अग्रवाल एवं संस्था की 300 बालिकाएं उपस्थित थीं।

## खबर संक्षेप

### सीजी बोर्ड के सभी स्कूलों में एकसाथ होगी तिमाही परीक्षा

**सुकमा।** जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मांडवी ने कक्षा 1 से 12 तक संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लिए तिमाही परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। आगामी 15 सितंबर से जिले के सभी सीजी बोर्ड पाठ्यक्रम आधारित विद्यालयों में तिमाही परीक्षाएं एक साथ प्रारंभ होंगी। यह परीक्षा विद्यार्थियों के ज्ञान, परिश्रम और तैयारी की पहली बड़ी कसौटी होगी। शिक्षा विभाग का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करना है, बल्कि उन्हें आगामी वार्षिक लक्ष्यों की ओर और अधिक दृढ़ संकल्पित करना भी है।

### स्कूली बच्चों को बांटे गए यूनिफॉर्म एवं पाठ्य पुस्तक



**दंतेवाड़ा।** गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत फुंडरी के बाढ़ राहत शिविर देवगुड़ी में बच्चों को गणवेश पुस्तक और कॉपी आज वितरित किया गया। इसके अलावा विकासखंड शिक्षा कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री पैकेज करते हुए सहयोग प्रदान किया गया।

### नियमित विद्यार्थियों का नामांकन 12 तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं एवं कॉलेजों में प्रवेशित स्नातक,स्नातकोत्तर एवं डिप्लोपा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों का ऑनलाइन नामांकन अब 12 सितंबर तक होगा। नामांकन ऑनलाईन प्रिंट एवं आवश्यक डॉक्यूमेंट विद्यार्थी संबंधित संस्थान में 13 सितंबर तक जमा कर सकेंगे। प्रवेश ले चुके जो विद्यार्थी किसी कारणवश नामांकन ऑनलाईन नहीं कर पाए हैं या जिनका अभी एडमिशन होना है वे निर्धारित तारीख में नामांकन करा लें। ज्ञात हो कि बस्तर संभाग के कॉलेजों और धरमपुरा स्थित विवि के मुख्य कैंपस के विभिन्न अध्ययनशालाओं में रिक्त सीटों को देखते हुए नियमित प्रवेश की तिथि पांच सितंबर तक बढ़ाई गई है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आगामी 9 एवं 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले के लिए नियोक्ताओं का पंजीयन एवं अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पोर्टल पर राज्य स्तरीय मेला लिंक में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी दी गई है, वहीं रिक्तियों की संख्या में आगे और वृद्धि होने की संभावना भी जताई गई है। जिलेवार आवेदनकर्ताओं की सूची भी पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसे जिला लॉगिन डैशबोर्ड में देखा जा सकता है। शासन की ओर से रोजगार मेले में शामिल होने वाले नियोक्ताओं एवं अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग लिंक भी जारी किए गए हैं, जिसकी विस्तृत जानकारी जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा, पिछले दो से पाँच वर्षों में आई.टी.आई. और पॉलिटेक्निक कॉलेज से पास आउट हुए अभ्यर्थी भी इस राज्य स्तरीय रोजगार मेले में आवेदन कर सकते हैं।

## निधन

### गणेशराम साहू



**धमतरी।** हटकेशर निवासी गणेश किराया भंडार के संचालक गणेशराम साहू पिता स्व. उदयराम साहू 52 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे रमेश साहू के छोटेभाई थे। अंतिम यात्रा निवास स्थान से हटकेशर मुक्तिधाम के लिए निकली।

### गाड़ाडीह के किसान उगा रहे 6 फीट लंबी लौकी व 3 फीट की बरबट्टी

# जैविक खेती का कमाल : कम लागत में सालाना कर रहे लाखों की कमाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ब्लॉक मुख्यालय कुरुद से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम गाड़ाडीह के किसान रमनलाल साहू इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। रमनलाल अपने खेत में 6 फीट लंबी लौकी, 3 फीट लंबी बरबट्टी और 5 किलो तक के बैंगन उगा रहे हैं। उनकी विशेष किस्म की सब्जियां देखने के लिए लोग दूर-दूर से खेत में पहुंच रहे हैं।

42 वर्षीय रमनलाल ने बताया कि उन्होंने करीब सात साल पहले रासायनिक खाद और कीटनाशक का उपयोग बंद कर दिया। अब वे केवल जैविक खाद का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता को 2017 में बीपी, शुगर और लकवा जैसी बीमारियां हो गई थीं। डॉक्टरों ने खानपान को बीमारियों की वजह बताया तभी उन्होंने जैविक खेती का रास्ता चुना।

#### मोबाइल दुकान छोड़कर अपनाई खेती

रमनलाल पहले मोबाइल की दुकान चलाते थे, लेकिन पिता की देखभाल और बार-बार अस्पताल ले जाने के कारण उन्होंने दुकान बंद कर खेती शुरू कर दी। शुरुआत में मुश्किलें आईं, मगर अब पूरा परिवार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से परिवार को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन मिल रहा है और सभी का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है।

#### लीज लेकर कर रहे खेती 4 लाख सालाना कमाई

रमनलाल ने बताया कि अपनी जमीन के साथ-साथ अब वे लीज पर जमीन लेकर भी खेती कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो साल में सब्जियों की खास किस्में उगाना शुरू किया, जिससे धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ा। आज जैविक खेती से उन्हें धान और सब्जियों से लगभग 4 लाख रुपये सालाना कमाई हो रही है। उनकी मेहनत और प्राकृतिक तरीके से की जा रही खेती अब गांव और आसपास के किसानों के लिए प्रेरणा बन गई है।

## नयापारा वार्ड में गंदे पानी की शिकायत पर निगम ने पाइपलाइन को दुरुस्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नयापारा वार्ड से गंदे पानी की शिकायत प्राप्त होते ही निगम प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर अमला भेजा और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की।

आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देशानुसार जल विभाग एवं तकनीकी टीम तत्काल नयापारा वार्ड पहुंची। निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन में लीकेज एवं अवरोध की स्थिति पाई गई, जिसके कारण गंदा पानी बाहर आ रहा था। स्थिति को देखते हुए निगम कर्मचारियों ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर पाइपलाइन को दुरुस्त किया तथा जल निकासी की व्यवस्था को सुचारू बनाया। मरम्मत कार्य पूर्ण होने से वार्डवासियों को राहत मिली और गंदा पानी फैलने की समस्या समाप्त हो गई। नगर निगम ने पुनः नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं जल आपूर्ति, जल निकासी या स्वच्छता से संबंधित कोई समस्या आती है तो इसकी तत्काल सूचना निगम कार्यालय या स्वच्छता दल को दें। निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता एवं नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## एचआईवी के बचाव पर दी छात्रों को जानकारी



**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने की। मुख्य वक्ता पीताम्बर सिन्हा एनएसएस अधिकारी शाससकीय नवीन महाविद्यानय कन्डेल थे। उन्होंने छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्यों, समाजसेवा की भावना, युवाओं की भागीदारी तथा रेड रिबन क्लब अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता एवं एचआईवी, एड्स के बचाव पर जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के नेतृत्व, अनुशासन और समाजसेवा का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने रेड रिबन क्लब की गतिविधियों को युवाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए उपयोगी बताया है। इस अवसर पर डॉ. रोहिणी मरकाम प्राध्यापक, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दामिनी ठाकुर, दानेश्वर साहू सहायक प्राध्यापक एवं एनएसएस स्वयंसेवक छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लीना बीएससी तृतीय सेमेस्टर एवं फाल्गुनी शिंदे बीकॉम प्रथम सेमेस्टर तथा आभार प्रदर्शन रेड रिबन क्लब प्रभारी रोली जांगड़े ने किया।

## एनएसयूआई का वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन

- कुरूद कॉलेज में कार्यकर्ताओं ने पोस्टकार्ड राष्ट्रपति के नाम भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में वोट चोरी विरोधी पोस्टकार्ड अभियान लगातार व्यापक रूप लेता जा रहा है। इसी अभियान के तहत कुरूद कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में पोस्टकार्ड भरकर राष्ट्रपति के नाम भेजे। संत घासीदास महाविद्यालय कुरूद के सैकड़ों छात्र-छात्राएं पोस्टकार्ड अभियान में शामिल हुए और राष्ट्रपति से वोट चोरी की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि राहुल गांधी ने पटना में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान साफ कहा कि महादेवपुरा की सीट चोरी भाजपा के लिए एटम बम साबित हुई है, लेकिन अब हाइड्रोजन बम का सच सामने लाया जाएगा। यह हाइड्रोजन बम पूरे देश को बताएगा कि भाजपा द्वारा किस तरह लोकतंत्र के साथ गहरा धोखा कर सत्ता हथियाई गई। इस अभियान के जरिये एनएसयूआई ने चुनाव आयोग से पारदर्शिता मांगी।

एनएसयूआई ने कहा कि जिले के समस्त महाविद्यालयों में यह अभियान जारी रहेगा और 5000 से अधिक पोस्टकार्ड राष्ट्रपति के नाम भेजे जाएंगे। एनएसयूआई का यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक लोकतंत्र की ताकत सुरक्षित नहीं होती और युवाओं के मताधिकार का पूरी तरह संरक्षण नहीं हो जाता। इस अभियान में राजा देवांगन के साथ योगीराज चंद्राकर, योगेश निर्मलकर, सुदीप सिन्हा, सूरज सिम्हा, यश चंद्राकर, जागेन्द्र साहू, सुनील सिन्हा, नवीन साहू, हार्दिक साहू, समीर मानिकपुरी सम्मिलित रहे।



## फरसियां में नवाखाई ठाकुर जोहारनी पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम फरसियां नयापारा में नवाखाई ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम मनाया गया। मुख्यातिथि थानसिंग मरकाम थे। अध्यक्षता जवाहरलाल मरकाम ने की।

मौके पर ग्रामीण युवक युवती प्रभाग अध्यक्ष भूपेंद्र मरकाम, डिवहार पंच कोमलसिंह नेताम, डिवहार पंच परमानंद नेताम, बाल मंडली अध्यक्ष राजेश्वर कोर्राम, केशव टेकाम सरपंच, हरकलाल, धनेश नेताम, मनीराम नेताम, गोपाल मरकाम, दौलतराम मरकाम, भीखराय मरकाम, कुलदीप नेताम, शांतनु मरकाम, किशोर मरकाम, संजय कुमार, नागेश नेताम, शांतिबाई नेताम, टिकेश्वरी मरकाम, देवकी नेताम, ईश्वरी मरकाम, गनेशीबाई ओटी, जगबती कोर्राम, नदेश्वरी मरकाम, कुमारीबाई मरकाम, वेदवत्ती शोरी, महेन्द्री मरकाम, सावत्री नेताम उपस्थित थे।

### लंबोदर महाराज की प्रतिमा स्थापित



**अंवरी।** अष्टविनायक गणेशोत्सव समिति द्वारा पुराना बाजार चौक भैंसबोड़ में पर्यावरण बचाओ की तर्ज पर गणेशजी को विराजित किया गया है।



**नगरी।** बाल गणेश उत्सव समिति शीतलापारा मेचका

## पूर्व ओहदेदारों ने नहीं दी आय व्यय की जानकारी, पद से हटाया

- कपिल ने आगामी तीन वर्षों के लिए जिला अध्यक्ष की कमान पुनः संभाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सतनामी समाज की आमसभा में जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने समाज के समक्ष आय व्यय का हिसाब दिया। वहीं अन्य जिम्मेदार पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर समाज ने नाराज़गी जाहिर करते हुए उनकी अनुपस्थिति को समाज की अवहेलना मानते हुए बर्खास्तगी की कार्रवाई की।

उल्लेखनीय है कि सतनामी समाज धमतरी की आमसभा गुरु बालकदास भवन जोधापुर में हुई। आमसभा में क्रमवार एजेंडे पर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन चेलक के पास समाज की राशि 28 हजार होना पाया गया जिसे वसूली करने पर सहमति बनी। पूर्व जिलाध्यक्ष आरपी संभाकर द्वारा दी गई राशि पूर्व जिलाध्यक्ष भावसिंग डहरे के पास होना, विजय सोनवानी, प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर के पास भी समाज की कुछ धनराशि होना पाया गया। पूर्व ओहदेदारों को आमसभा में आय-व्यय का हिसाब देने जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने कई बार सूचना दी थी परन्तु उन्होंने इसकी अवहेलना की। समाज ने प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर, उपाध्यक्ष विजय सोनवानी को जब तक समाज की राशि समाज को नहीं सौंपते तब तक उन्हें समाज की किसी भी पद पर आसीन नहीं करने का निर्णय लिया है। संचालक मंडल की घोर लापरवाही को देखते हुए संचालक मंडल को भंग कर दिया गया। सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता को देखते हुए समाजजनों ने कपिल देशलहरे को आगामी तीन वर्षों के लिए जिला अध्यक्ष के रूप पुनः मौका दिया है। सेवानिवृत्त शिक्षक कृपाराम, सरपंच अनिता लहरे, पूर्णिमा मार्कण्डेय, उत्तम कुमार रात्रे, दयाराम लहरे, शिवप्रसाद बनारसी, मोहन कोसले, किरण जोशी, राधेश्याम टंडन, डा सुरेंद्र कुर्रे, फग्गू लहरे, नरेश बघेल, सुनीता कुर्रे, शिवकुमार कोसरे, जन्मेजय महिलांगे समेत अन्य श्री देशलहरे द्वारा समाज को संगठित करने के प्रयास को सराहा। इस दौरान प्रदेश स्तर पर मिनीमाता सम्मान से सम्मानित पूर्णिमा मारकंडे, अनीता राजू लहरे सरपंच मोहंदी, कुसुम गायकवाड़, चन्द्रकला बंजारे जिला उपाध्यक्ष, सुनीता कुर्रे जिला कार्यकारिणी सदस्यों को श्रीफल व श्वेत गमछा भेंटकर सम्मान किया गया।

## जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है : ओंकार



- डोमा में विधायक निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम डोमा में विधायक निधि से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक ओंकार साहू ने किया। विधायक श्री साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सड़क न केवल ग्रामीणों के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगी बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी सहायक होगी।

ग्रामीण अंचल में अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता है। विधायक निधि से लगातार क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हो रहे हैं, जिनका उद्देश्य जनजीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाना है।

विधायक साहू ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर और तेजी से जारी रहेंगे। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि क्षेत्र की जनता का सहयोग और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। मौके पर श्रीमती कविता बाबर सदस्य जिला पंचायत धमतरी, फागेश्वरी राजेश साहू सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, दयालाल साहू पूर्व सदस्य जिला पंचायत, अमरदीप साहू महामंत्री जिला कांग्रेस, संतोष हिरवानी अध्यक्षजोन कांग्रेस धमतरी, सरपंच गुंजन साहू, मुकेश कुमार साहू विधायक प्रतिनिधि, रंजीत साहू, यशवंत बनपेला, टेमिन बाई, गोमेश्वरी साहू, कविता सोनवानी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एआई एवं डिजिटल मार्केटिंग से रूबरू हुए विद्यार्थी

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल मार्केटिंग पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। प्रशिक्षक दीपक कुमार साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट एवं हिमांशु चौरसिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सपर्ट ने छात्र- छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग में तुलनात्मक ई-मार्केटिंग एवं साइबर सिक्योरिटी के बारे में अवगत कराया। डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न आयामों को बारे बताया। कार्यक्रम में प्लेसमेंट सेल सदस्य भीखमचंद साहू, रश्मि कुजूर और नम्रता समेत झरना, सीमा साहू, इंदु, देवकी, खुशबू, लेखिका, मेघा, दीक्षा उपस्थित थे।

### प्रत्येक परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है : रामू

# महापौर ने लाभार्थियों को भवन अनुज्ञा प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




नगर पालिक निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) अंतर्गत स्वीकृत आवासों की भवन अनुज्ञा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर ने लाभार्थियों को भवन अनुज्ञा प्रदान की।

महापौर रामू रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संकल्प का परिणाम है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। यह योजना समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे समय पर भवन निर्माण कार्य पूर्ण करें ताकि शीघ्र ही अपने सपनों का घर पा सकें।

एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा एवं विजय मोटवानी ने कहा कि निगम का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद परिवार आवास से वंचित न रहे। उन्होंने निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हितग्राहियों को हर संभव सहयोग देने हेतु निर्देशित किया।

एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों ने योजना की पारदर्शिता और सुचारु क्रियान्वयन की सराहना की। निगम प्रशासन ने जानकारी दी कि आगे भी पात्र हितग्राहियों को समय पर स्वीकृति एवं भवन अनुज्ञा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पिंटू यादव, हिमानी साहू, तल्लीनपुरी गोस्वामी, नम्रता पवार, आशा लोधी, चन्द्रभागा साहू, हेमन्त बंजारे, अनिता अग्रवाल, भारती साहू, अज्जु देशलहरे, संजय देवांगन, संतोष सोनकर, गजेंद्र कंवर, प्रकाश सिन्हा, छोटू वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## कर्मचारी साख सहकारी समिति की आमसभा एवं सम्मान समारोह 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति धमतरी के अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा ने बताया कि 28 सितम्बर रविवार को कर्मचारी भवन धमतरी में 12 बजे से साधारण वार्षिक आमसभा होगी। द्वितीय सोपान 3 बजे से प्रारम्भ होगा, जिसमें दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले समिति सदस्य के पुत्र-पुत्रियों को सम्मानित किया जायेगा।

26 सितम्बर को संध्या 5 बजे तक अंकसूची की छायाप्रति कार्यालय बांसपारा में अनिवार्य रूप से जमा करें। शासकीय सेवा से 30 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त तक सेवानिवृत्त समिति सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। लक्ष्मण राव मगर, ऋषिकांत सिन्हा, ठाकुर राम साहू, श्रीमती संगीता डुकरे, ओमप्रकाश सिन्हा, मंगलराम धेनुसेवक, सेवकराम चंद्रवंशी, कामता प्रसाद साहू, श्रीमती मधु चन्द्राकर, भूषणलाल बंजारे, शेखनलाल साहू, महेश मिश्रा, श्रीमती उषा जाचक, गणेशू राम साहू, गिरधरराम सिन्हा, भूषणलाल सोनबेर, ईश्वरी दयाल साहू, श्रीमती मीना बाबर एवं कृष्णकुमार देवांगन का सम्मान किया जायेगा। सदस्यों से उपस्थिति की अपील उपाध्यक्ष द्वय अनिता घोरपड़े, होलाराम परिहा, संचालकगण चन्दूलाल चंद्राकर, यशकरण सिंह गजेन्द्र, अरूण कुमार गौर, नन्दकिशोर साहू, कृष्णाराम साहू, टिकेश्वरी वर्मा, राजेन्द्र चंद्राकर एवं मुकेश केसरी ने की है।

## खबर संक्षेप



**नगरी।** जय बजरंग गणेशोत्सव समिति महावीरपारा बिरगुड़ी।



**नगरी।** नवयुवक गणेश समिति मैनपुर



**नगरी।** गणेश उत्सव समिति पुरानी बस्ती दुगली



**धमतरी।** बाल गणेश उत्सव समिति बाजार कुर्रीडीह, बाजार पारा द्वारा विराजित गणेश प्रतिमा।

### मोहमल्ला बांधा में नवाखाई पर्व पर हुआ खेलकूद

**नगरी।** मोहमल्ला बांधा में नवाखाई पर्व के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामवासियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि नाथुराम पटेल, हलाल पटेल, अजब सिंह, जगतराम नेताम, रुमलाल नेताम, घनश्याम मरकाम, जलसिंह यादव, लक्ष्मीनारायण, अजय अंजोर सिंह मरकाम, आनंद मरकाम, गजेन्द्र मरकाम, भानुप्रताप मरकाम, खम्मन यादव, तीजु राम, भास्कर पंच तथा परमिला बाई साहू थे। लड़के-लड़कियों के लिए दौड़, गोला फेंक, रस्सी दौड़ और अन्य खेल शामिल किए गए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से ग्रामीणों का मन मोह लिया। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण युवाओं ने किया। इस पूरे आयोजन में ग्रामीणों ने मिलजुलकर सहभागिता निभाई।

### छात्रों ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का लिया संकल्प

**जीजामगांव।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में दाउ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव परिसर में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सीआर यदु ने किया।

गोबर, डंप कचरे से आ रही असहनीय बदबू, पॉथवे, रनिंग मैदान कीचड़ से सराबोर

# इंडोर स्टेडियम में मवेशियों का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के एकमात्र खेल मैदान इंडोर स्टेडियम की दशा और दिशा खराब है। यही हाल आउट गेट मैदान का है जहां दिन रात 100 से अधिक मवेशी विचरण करते रहते हैं। मैदान में जगह-जगह गोबर है। घासफूस, जंगली झाड़ी से अटा पड़ा है। गोबर, कचरा उठाने वाले भी कचरा उठाकर बैडमिंटन कोर्ट के साइड में डंप कर रहे हैं जहां से असहनीय बदबू आ रही है। पॉथवे, रनिंग मैदान कीचड़ से सराबोर है। जगह-जगह बारिश का पानी भरा हुआ है। खिलाड़ी यहां खेलने तो आते हैं लेकिन मैदान की दुर्दशा देखकर मन मसोसकर वापस चले जाते हैं।

खिलाड़ी, प्रियांश सेन, अमित भट्ट, नीलेश प्रजापति, सौरभ सोनकर, मुकुंद साहू, रिया सोनी, अतुल दुबे आदि का कहना है कि इंडोर आउटडोर मैदान का बुरा हाल है। नये बनाने की बात तो दूर, रिपेयरिंग तक नहीं होती। दर्शकदीर्घा टूट- फूट गई है। मेन गेट हमेशा खुला रहता है, जिससे मोहल्ले के पालतू पशु, आवारा मवेशी चारा के लालच में दिन रात डटे रहते हैं। सैकड़ों मवेशियों की वजह से खेल खेलना मुश्किल हो रहा है। घासफूस और कंटीली झाड़ियों से परेशानी होती है। मैदान में पानी भरने से कीचड़ हो रहा है जो फिसलन का कारण बन रहा है। कई खिलाड़ी फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। सुबह-शाम वॉकिंग करने वालो की संख्या भी कम हो गई है। रात में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था नहीं होने से आउट डोर गेम्स नहीं खेल पाते। वॉलीबॉल कोर्ट की हालत खराब है। जगह-जगह पानी है। कचरा गोबर डंप कर दिया गया है जहां से असहनीय बदबू आती है। शहर के जागरूक लोगों ने जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है।





**रात में शराबियों का जमघट**

इंडोर स्टेडियम के बाहर मैदान में वॉलीबॉल कोर्ट के आसपास रात होते ही शराबियों का मेला लगता है। शराबी देर रात तक चखना के साथ शराब का आनंद लेते हैं। नशा चढ़ने के बाद आपस में खूब गलौज और मारपीट तक की नौबत आ जाती है। इंडोर स्टेडियम के आसपास रहने वाली संभ्रांत फैमिली शराबियों से परेशान हैं। रातभर हो हल्ला होता रहता है। नागरिकों ने पुलिस विभाग से गश्त लगाने की गुहार की है।

## राजधानी में आयोजित प्रदर्शन में जिले की भाजपा नेत्री शामिल हुईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के खिलाफ कांग्रेस नेता द्वारा अपशब्द कहे जाने पर भारतीय जनता महिला मोर्चा ने विरोध जताया। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकालकर कांग्रेस भवन का घेराव किया गया। इस धरना प्रदर्शन में हेमलता शर्मा, पूर्व मोर्चा अध्यक्ष बीथिका विश्वास, अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष, श्यामा साहू, पवित्रा, चंद्रकला साहू जनपद सदस्य नगरी भी शामिल हुईं।

इस अवसर पर बीथिका विश्वास ने कहा कि बिहार की जनता इस अभद्रता और नफरत की राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी। जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा दी हुई गालियां सिर्फ मां का अपमान ही नहीं, पूरे देश की माताओं, बहनों और बेटियों का अपमान है।

## शिविर में 195 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

- तरसींवा में गणेशोत्सव पर सेवा भारती ने किया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम तरसींवा में गणेशोत्सव पर सेवा भारती शाखा जिला धमतरी के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य मेला का आयोजन यादव समाज भवन बाजार चौक में किया गया। मुख्य अतिथि झमित सिन्हा थीं। अध्यक्षता भुनेश्वर सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. के. एस. शांडिल्य अध्यक्ष सेवा भारती, डॉ. ओ.पी. अग्रवाल, अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राजमानस संघ जिला धमतरी, सरोज यादव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति तरसींवा, सुरेन्द्र चन्द्राकर उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति, गुहनदास नवरंग थे।

चिकित्सा शिविर में एलोपैथी के साथ-साथ आयुर्वेदिक उपचार परामर्श एवं अग्निकर्म चिकित्सा के माध्यम से गोखरू, मस्सा व जोड़ों के दर्द का उपचार आयुर्वेदाचार्य डॉ. धर्मेंद्र सिन्हा द्वारा किया गया। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इलाज किया गया। शिविर में सायटिका, जोड़ों के दर्द, ब्लड प्रेशर, खुजली, गैसट्रिक, शुगर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मरीजों को निःशुल्क जांच व परीक्षण कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। शिविर में लगभग 195 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में डॉ. के.एस. शांडिल्य, डॉ. धर्मेन्द्र सिन्हा, डॉ. डी. आर. सिन्हा, डॉ. ओ. पी. अग्रवाल. डॉ. चन्द्रशेखर साहू, डॉ. रंजीत निषाद, डॉ. नारायण सिन्हा, डॉ. रामेश्वर सोनवानी, डॉ. रिखी राम साहू, डॉ. उमेश सिन्हा, डॉ. बीथिका विश्वास ने सेवाएं दी। मुख्य अतिथि झमित सिन्हा सरपंच ने कहा कि चिकित्सकों को भगवान का दूसरा रूप माना गया है। मंच संचालन चिरंजीव हिरवानी व आभार प्रकट भुनेश्वर सिन्हा उपसरपंच ने किया।

## नगरी में हिन्दू जागरण मंच की कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरी में हिन्दू जागरण मंच की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नगर संयोजक जयदीप सिंह खनूजा, सहसंयोजक कुनादित, आदित्य ताम्रकार, निकेश ध्रुव, गौरव देवांगन, युवा आयाम यमन लाई, सूचना संग्रह सुरेन्द्र लहरे, युवा प्रभाग हरिओम शरण, प्रजापति, मनीष छेदया, देवेन्द्र यादव, संतोष यादव, कन्हैया ठाकुर बनाए गए। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के सदस्यों ने कहा कि संस्कृति, सभ्यता, समाज की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक गांव, समाज के बीच संघ कार्य कर रहा है।

## उत्कल गाड़ा समाज ने मनाया नुआखाई जुहार पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उत्कल गाड़ा समाज द्वारा आयोजित नुआखाई जुहार कार्यक्रम उत्साह से मनाया गया। इस सांस्कृतिक और परंपरागत कार्यक्रम में समाज के सदस्यों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी कोमल संभाकर ने नुआखाई पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सिर्फ नया अनाज खाने का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारा और परंपराओं का प्रतीक है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक नृत्यों ने वातावरण को जीवंत और उल्लासपूर्ण बना दिया। सभी लोगों ने अपने परिजनों और मित्रों के साथ मिलकर नवा अनाज ग्रहण किया। मौके पर संतोष जगत, संतराम बघेल, चरण सिंह जगत, संदीप नागेश, कमलनारायण जगत, सुनील जगत, राजेश नागेश, कन्हैया नागेश, मुकेश नागेश, गणेश प्रधान सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

## भगवान गणेश को लगाया छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गोकुलधाम एवं बालाजी कालोनी गणेश उत्सव समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों का फैन्सी ड्रेस का आयोजन किया गया। मंगलवार को गणेश जी को छप्पन भोग लगाया गया। मौके पर सुंदरगंज वार्ड पार्षद नरेंद्र रोहरा, गुजराती समाज अध्यक्ष कीर्ति शाह समेत कालोनी वासी गुरुनाथ राव, सगुन पटेल, सुरेश मेहता, मांगीलाल राठी, हुकुमचंद सिंघल, राजेन्द्र श्रोती, राधेश्याम चंद्राकर, जगदीश मेहता, जुगेन्द्र खंडेलवाल, सुरेश राठौर, बजरंग अग्रवाल, यशवंत राव रघटाटे, विनीत राठौर, श्रीचंद वासानी, प्रकाश वासानी, दीपक नायडू, तरुण नायडू, उत्तम गोस्वामी, अमनगिरी गोस्वामी, रुपेश महराज, पपेश जैन, कुलदीप जायसवाल, राधा अग्रवाल, भावना जायसवाल, सुरभि रघटाटे, नेहा मेहता, वंदना शर्मा, बीना नायडू, शोभा राठौर, शीला खंडेलवाल, मंजु गोस्वामी, अवनि वासानी, रीता मेहता, मीनल गुप्ता, प्रगति पटेल, ख्याति मेहता समेत अन्य मौजूद थे।

## एनएसएस से छात्रों में सेवा और अनुशासन की भावना विकसित होती है : साहू

- कुरूद कालेज में छात्रों के लिए हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब इकाई 01 के तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नये स्वयंसेवकों को एनएसएस और रेड रिबन क्लब के उद्देश्यों और गतिविधियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवक मोजेश साहू ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रेड रिबन क्लब की स्थापना और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एचआईवी एड्स के कारण और बचाव के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ हमें समानता और सहानुभूति पूर्ण व्यवहार करना चाहिए।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण किया गया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एमएस साहू ने एनएसएस के उद्देश्यों और गतिविधियों को रेखांकित करते हुए कहा कि सात दिवसीय शिविर में एनएसएस छात्रों में सेवा और अनुशासन की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डा. हितनारायण टंडन ने स्वयंसेवकों से कहा कि वे कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे महाविद्यालय और एनएसएस की गरिमा को नुकसान पहुंचे। मुख्यवक्ता तुकेश्वर साहू ने कहा कि स्वयंसेवकों को एनएसएस में प्रमाण पत्र के लिए नहीं जुड़ना चाहिए, बल्कि दिल से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश सेवा करने के लिए बड़े- बड़े काम करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे काम जैसे कि पौधा लगाना, किसी एक व्यक्ति को नशामुक्त करना, शाला त्यागी बच्चों को शाला से जोड़ना भी देश सेवा है। आभार प्रदर्शन विजय कुमार कार्यक्रम अधिकारी रासेयो. इकाई 01 द्वारा किया गया। कार्यक्रम में यामिनी कंवर, डेविड डाहरे, सोमेश ध्रुव, फ़नेन्द्र तारक, मंजुलता कंवर और रुचि साहू ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

## त्रुटि सुधार के लिए भटक रहे किसान, आखिर जिम्मेदार कौन

- अपनी उपज बेचने 20 किमी दूर सांकरा जाने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम ठेनही के 9 किसानों का पंजीयन उपार्जन केंद्र सांकरा हो चुका है। अपनी उपज बेचने नजदीकी उपार्जन केंद्र बेलरबाहरा न जाकर 20 किमी दूर सांकरा जाना पड़ता है। कई बार जनदर्शन में आवेदन एवं उप संचालक कृषि, खाद्य अधिकारी, उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के बाद भी 3 वर्षों से भटक रहे हैं। पिछले 3 वर्षों से किसानों को गोलमोल जवाब देकर घुमाया जा रहा है।सिरधन सोम जनपद सदस्य ने बताया कि वर्ष 2023 में क्षेत्र के पंजीयन में हुई त्रुटि को सुधार के लिए आवेदन किया जा रहा है । अभी तक सुधार नहीं हो रहा है। किसानों के साथ कई बार उपमुख्यमंत्री, उपसंचालक कृषि, जिला खाद्य अधिकारी, कलेक्टर जन दर्शन, सहकारिता विभाग में जाकर आवेदन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है लेकिन सुधार नहीं हुआ है। हेमलाल ओटी किसान पंजीयन में हुई त्रुटि को सुधार के लिए पिछले तीन वर्षों से घूम रहे हैं।

किसान मिथिलेश बोरझा ने बताया कि सभी किसान आवेदन दे-देकर थक चुके हैं लेकिन कहीं सुधार नहीं हो रहा है। उपसंचालक कृषि विभाग के पास जाने से सहकारिता विभाग भेजते हैं। सहकारिता विभाग जाने से खाद्य विभाग भेजा जाता है। हम भटक रहे हैं लेकिन काम नहीं हो रहा है।

## टीचर्स एसोसिएशन ने किया शिक्षामंत्री का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई ने गजेंद्र यादव मंत्री स्कूल शिक्षा मंत्री का रेस्ट हाउस में स्वागत किया। इस अवसर पर यादव समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव भी उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष डॉक्टर भूषणलाल चंद्राकर ने कहा कि लंबे समय से स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय के पास था। वर्तमान मंत्रिमंडल के विस्तार में श्री यादव को स्कूल शिक्षा विभाग का दायित्व मिलने से विभाग में हर्ष का वातावरण है। निश्चित ही मंत्रीजी की सक्रियता से स्कूल शिक्षा विभाग को एक नई ऊंचाई मिलेगी। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकर, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ श्रीमती सविता छाटा, परविंदर कौर गिल, जिला महामंत्री डॉ आशीष नायक, कैलाश प्रसाद साहू, राहुल नेताम, जिला उपाध्यक्ष गणेशप्रसाद साहू, मंजूषा साहू, दीनानाथ पांडे, डायमंड साहू, शीतल नायक शामिल थे।

### जिला क्रिकेट संघ का चयन 7 सितंबर को

**धमतरी।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा जिला क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया पीजी कालेज क्रिकेट स्टेडियम जोधापुर में होगी। अंडर-23 ट्रायल 7 सितंबर को होगा। कट आफ डेट 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007, सीनियर ट्रायल 7 सितंबर को, अंडर-16 ट्रायल 14 सितंबर को, कट आफ डेट 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को डिजिटल, मैनुअल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधारकार्ड (वर्तमान फोटो के साथ), जिले का मूल निवास प्रमाण-पत्र तथा वर्तमान का पासपोर्ट साईज कलर फोटो लाना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को क्रिकेट किट (सफेद ड्रेस) में उपस्थित होना अनिवार्य है। जिन खिलाड़ियों के अभिभावक (माता-पिता, स्वयं खिलाड़ी) यदि सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं तो कम से कम उस जिला में उनका कार्यकाल 6 माह का पूर्ण होना अनिवार्य है तभी वह चयन प्रक्रिया में भाग ले सकता है।

## बारना में छग का रजत जयंती वर्ष मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने किया जिसका पच्चीस वर्ष पूरा होने पर ग्राम पंचायत बारना में रजत जयंती मनाई गई। इस दौरान स्वच्छता पर विशेष कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर सरपंच दीपक कुमार पटेल, उपसरपंच मनीष पटेल, सचिव मनीराम व पंच आशीष पटेल, चोवा पटेल, लक्ष्मी साहू, सोनम प्रजापति, पार्वती निषाद, किरण बघेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, केवल यादव, सुभाष सोनवानी उपस्थित थे।

### आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने मनाया नवाखाई पर्व


**नगरी।** ग्राम मैनपुर में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के लोगों ने परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ नवाखाई पर्व मनाया। इस अवसर पर समाजजनों ने सबसे पहले बुढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर नई फसल के अन्न को अर्पित किया और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में समाज प्रमुख हरिराम ध्रुव, मनोज नेताम, छविराम मरकाम, गुलशन ध्रुव समेत सामाजिकजन उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास, नगरी बसस्टैण्ड, सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज